महत्वपूर्ण एवं खास

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद के लिए दावा-आपत्ति आमंत्रित

रायगढ़। एकीकृत बाल विकास परियोजना लैलूंगा में शासन द्वारा स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्रों में से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 6, मिनी कार्यकर्ता के 2 एवं सहायिका के 9 पद पर नियुक्ति के लिए दावा-आपत्ति आमंत्रित किया गया है। आवेदिका 6 से 15 दिसम्बर 2022 शाम 5.30 बजे तक परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना लैलूंगा में दावा-आपत्ति आवेदन जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

राज्य स्तरीय रामायण मंडल प्रतियोगिता आयोजन के संबंध निर्देश जारी

सारंगढ़-बिलाईगढ़। राज्य शासन के निर्देशानुसार रामायण मंडलियों को प्रोत्साहित करने हेतु ग्राम स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। जनपद पंचायत सारंगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सर्व सरपंच/सचिव को अवगत कराते हुए कहा कि जनपद पंचायत सारंगढ़ अंतर्गत कुल 59 रामायण मंडलियों का नाम प्रस्तावित है। प्रतियोगिता में सदस्यों के रूप में स्थानीय जनप्रतिनिधि, मानस विशेषज्ञ, वरिष्ठ कलाकार, संगीत शिक्षकों को शामिल किया जाना है। 5 से 10 दिसम्बर 2022 दोपहर 2 बजे से अपने ग्राम पंचायत स्तर पर प्रतियोगिता कराये तथा मानस मंडली विजेता की जानकारी कार्यालय जनपद पंचायत सारंगढ़ में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

दो भालुओं ने मंदिर में घुसकर जमकर मचाया उत्पात

कांकेर (आरएनएस)। जिला मुख्यालय और आस-पास के गांव में वन्य प्राणी भालुओं का आतंक एक बार फिर बढ़ता ही जा रहा है। सोमवार को एक बार फिर दो भालुओं ने मंदिर में घुसकर जमकर उत्पात मचाया है। मिली जानकारी के अनुसार दो भालू पहले एक मंदिर में घुस गए। दोनों भालुओं ने मंदिर का गेट और दान पेटी तोड़ दिया, इसके साथ ही अंदर रखे सभी सामान तहस-नहस कर दिया। इतने में शोरगुल सुन लोग एकत्र हुए तो दोनों भालू वहां से भाग गये। वहीं दो दिन पहले एक भालू एक ग्रामीण झाड़ूराम कोकिला के मकान में घुस गया था। लगभग पांच घंटे की मशक्कत के बाद उसे वन विभाग के द्वारा पकडक़र जंगल में छोड़ा गया।

सुरक्षाबल ने नक्सलियों के छुपाकर रखे गये हथियार को किया बरामद

सुकमा (आरएनएस)। जिले के धुर नक्सल प्रभावित थाना क्षेत्र चिंतागुफा के जंगल में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों द्वारा जंगल में छुपाकर रखे हथियारों में भरमार बंदुक 02 नग, भरमार बंदुक का बैरल 03 नग, कोर्डेक्स वॉयर 05 मीटर, स्प्लिंटर, वोल्टेज मीटर 01 नग, प्रेशर मैकेनिजम और गन पाउडर बरामद किया है। सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सली किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे। पुलिस के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर सोमवार को थाना चिंतागुफा, कैम्प मिनपा एवं एल्मागुण्डा से 206 वाहिनी कोबरा टूआईसी इथापे पंडित किशनराव, डीसी सौरभ सिंह, एसी माखन लाल एवं सीसी सुबोध सिंह एसटीएफ कमाण्डर के हमराह संयुक्त बल एरिया डोमिनेशन हेतु ग्राम जुपारा मिनपा, मुरियापारा व आस-पास एरिया की ओर रवाना हुए थे। इस दौरान मुरियापारा के दक्षिण दिशा जंगल पहाड़ी के मध्य नक्सलियों द्वारा किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में छिपाकर रखे गये अवैध हथियार एवं अन्य सामाग्रियों को सुरक्षा बलों द्वारा बरामद किया गया है।

किसानों को ऑयल पॉम कृषि के फायदे और जानकारी के लिए पॉम कृषि क्षेत्रों का भी करवाया जायेगा विजिट

❐ ऑयल पॉम की कृषि किसानों के लिए है फायदेमंद-जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल

❐ पॉम ऑयल क्षेत्र विस्तार हेतु कृषक प्रशिक्षण एवं प्रक्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

रायगढ़। पुसौर विकासखण्ड के ग्राम सुकुलभटली में आज जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल के मुख्य आथित्य में ऑयल पॉम क्षेत्र विस्तार हेतु कृषक प्रशिक्षण/प्रक्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य कैलाश शक्राजीत नायक भी उपस्थित रहे।

ग्राम सुकुलभटली में आयोजित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन अंतर्गत ऑयल पॉम क्षेत्र विस्तार हेतु कृषक प्रशिक्षण/प्रक्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल ने कहा कि पॉम कृषि क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम काफी अच्छा रहा, किसानों को ऑयल पॉम कृषि से संबंधित जानकारी के साथ विजिट कराने से कृषक प्रोत्साहित होंगे। राज्य सरकार किसानों के हित में फैसले लेती है, हमारे राज्य में अन्य राज्यों से अधिक समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होती है। इसके अलावा किसानों के फायदे के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सरकार किसानों को लाभान्वित कर रही है। हमारे जिले के किसान जो चाहते है वो करते भी है, निश्चित रूप से ऑयल पॉम की खेती भी करेंगे और लाभ अर्जित करेंगे। उन्होंने सीईओ जिला पंचायत मिश्रा द्वारा बरगढ़ क्षेत्र में किए जा रहे ऑयल पॉम की खेती की जानकारी साझा किए वो महत्वपूर्ण है, किसानों को वहां की खेती विजिट करवाया जाएगा। जिससे प्रगतिशील किसानों को अधिक जानकारी के साथ रुचि बढ़ेगी।

जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश ऑयल पॉम के लिए विदेशों पर निर्भर है। आपके कृषि करने से पूर्ति स्थानीय स्तर से भी हो सकेगी, इससे किसानों को फायदा मिलेगा। शासन द्वारा अच्छा समर्थन मूल्य भी प्रदान कर रहीं है, साथ ही शासन की फसल परिवर्तन योजना का भी लाभ मिलेगा। इसके अलावा किसान ऑयल पॉम क्षेत्र में दो साल तक अदरक और हल्दी की खेती भी कर सकते है। यह धान के मुकाबले तीन गुना ज्यादा आय देती है। इसका कृषि क्षेत्र में वृद्धि होने से बड़े व्यापारी आपसे सीधा फसल खरीद सकते है। इस दौरान उन्होंने किसानों के साथ खेत में लगे ऑयल पॉम वृक्षों का विजिट किया। कार्यक्रम के पश्चात उन्होंने तिलहन क्षेत्र विस्तार अंतर्गत लगाए गए सरसों क्षेत्र का विजिट कर किसान से फसल के संबंधित जानकारी ली।

आयोजित कार्यक्रम में गोदरेज एग्रोटेक लिमिटेड से आए प्रशिक्षक सुभाष जेना ने कृषकों को ऑयल पॉम की खेती, पौधे की जानकारी, खाद, लागत एवं पॉम ऑयल के बीच इंटरक्रापिंग की जानकारी देते हुए बताया कि यह पॉम ऑयल का एक बार लगाने से बाद में एक वृक्ष से 25-30 साल तक इनकम प्रदान करता है। इसके अलावा इसका रख-रखाव और मेहनत कम लगता है। उन्होंने किसानों को खाद एवं पानी की तरीके की जानकारी दी। आयोजित कार्यक्रम में सारंगढ़, बरमकेला, घरघोड़ा, तमनार से लगभग 60 कृषक शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने ऑयल पॉम खेती से संबंधित अपने प्रश्नों को पूछे एवं जानकारी भी प्राप्त किए।

वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी डी.आर.खर्रा ने बताया कि ऑयल पॉम कृषि की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में किसान ऑयल पॉम की कृषि करने में अधिक रुचि दिखा रहे है। सारंगढ़ क्षेत्र में लगभग 160 हेक्टेयर को ऑयल पॉम के लिए चिन्हांकित किया जा चुका है। इसमें शासन द्वारा फसल परिवर्तन के तहत वृक्षारोपण योजना अन्तर्गत तीन साल तक राशि प्रदान की जाएगी। जिसका लाभ किसानों को मिलेगा। इस दौरान जनपद पंचायत सदस्य घड़ी लाल पटेल, राम नारायण नंदे तथा विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं कृषक उपस्थित थे।

छह वर्ष तक के बच्चों के स्थाई जाति प्रमाण पत्र बनाने जिले में लगेंगे शिविर

❐ राजस्व शिविर के माध्यम से एक सप्ताह में जारी किया गया स्थायी जाति प्रमाण पत्र

सारंगढ़-बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी के निर्देशन में विगत 28 नवंबर से जिले में लंबित राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज एसडीएम मोनिका वर्मा द्वारा सारंगढ़ के नौरंगपुर गांव में आयोजित राजस्व शिविर का जायजा लिया गया। उक्त शिविर में सप्ताह भर पूर्व यानि पिछले सोमवार को जाति प्रमाण पत्र के आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 6 वर्ष के बच्चों के आवेदन प्रमुखता में थे, उन बच्चों का स्थायी जाति प्रमाण पत्र सप्ताह भर में तैयार कर लिया गया, जिसे एसडीएम द्वारा स्वयं आज उन बच्चों को प्रदान किया गया। इसके साथ ही 6 वर्ष के बच्चों के स्थायी जाति प्रमाण पत्र बनाने को प्रमुखता में लेते हुए कलेक्टर डॉ.सिद्दकी के निर्देशन में जिले में अगले सप्ताह से एक अलग शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त शिविर में समस्त आंगनबाडिय़ों को केन्द्र में रखते हुए 6 वर्ष तक के बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनवाया जाएगा। शिविर में संबंधित पटवारी के माध्यम से आवेदन एकत्रित किए जाएंगे और प्राप्त आवेदनों में जिनके दस्तावेज सटीक और पूर्ण होंगे, परीक्षण उपरांत उन्हें स्थायी जाति प्रमाण जारी किया जाएगा। जिले स्तर पर इस शिविर का आयोजन इसलिए किया जा रहा है ताकि बच्चों को जल्द से जल्द जाति प्रमाण पत्र की सुविधा मिल सके। यह प्रमाण पत्र आजीवन उनके लिए मान्य होगा, जो कि उन बच्चों के लिए एक बहुत बड़ी सुविधा होगी।

दो दिनों के विशेष अभियान में तामिल किए गए 22 स्थाई वारंटी

❐ लंबे समय से फरार वारंटी आए पुलिस के हाथ

❐ कोरबा व जांजगीर क्षेत्र से भी लाए गए कई वारंटी

रायगढ़। जिले में एसपी अभिषेक मीणा एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा के निर्देशन पर थाना, चौकी प्रभारियों द्वारा फरार स्थायी वारंटों की तामिली के लिए 03 और 04 दिसंबर को दो दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया जिसमें 22 स्थायी वारंट तामिल किये गये हैं। तामिल किये गए कई वारंट काफी पुराने मामलों के हैं जिसमें कोतवाली का वारंटी राकेश शर्मा वर्ष 2014 में मारपीट तथा मालती चौधरी वर्ष 2016 के मारपीट के केस में वारंट जारी किया गया था। इसी प्रकार चक्रधरनगर पुलिस द्वारा वर्ष 2014 के चिटफंड के आरोपी खोलेन्द्र बरेठ, दुष्कर्म के आरोपी बलवीर सोनी तथा पशुक्रूरता के आरोपी मनोज कुमार को जारी स्थायी वारंट तामिल किये गए है। इसी प्रकार खरसिया चौकी द्वारा वर्ष 2018 मारपीट के आरोपी करण कुमार यादव को जारी वारंट की तामिली किया गया है। वारंटियों की पतासाजी दौरान वारंटी मनहरण साहू निवासी सरवानी खरसिया के मौत होने पर खरसिया पुलिस द्वारा वारंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र न्यायालय पेश किया गया है।

अभियान दौरान चोरी के मामले में पिछले 10 साल से फरार चल रहे आरोपी सोनू उर्फ मोहरसिंह पिता टीकाराम उम्र 39 वर्ष को छाल पुलिस द्वारा भांठापारा जांजगीर से गिरफ्तार किया गया है। वहीं खरसिया पुलिस ने प्रताड़ना के अपराध में पिछले 4 साल से लुक-छिप कर कोरबा में रह रहे वारंटियों को अभियान दौरान कोरबा से हिरासत में लाकर न्यायालय पेश किया गया है। अभियान दौरान थाना छाल द्वारा 06, थाना कोतवाली एवं खरसिया द्वारा 04–04, थाना चक्रधरनगर ने 03, थाना भूपदेवपुर द्वारा 02 तथा थाना तमनार, लैलूंगा एवं चौकी खरसिया से 01-01 स्थायी वारंटों को तामिल कर वारंटियों को न्यायालय पेश किया गया है। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा क्राइम मीटिंग में जिले में समंस-वारंट की तामिली के स्तर को बढ़ाने को लेकर राजपत्रित अधिकारियों को अभियान चलाकर कार्यवाही का निर्देश दिया गया था जिसके परिपालन में एडिशनल एसपी संजय महादेवा द्वारा कोर्ट कार्य में लगे कर्मचारियों की मीटिंग लेकर जानकारी अपडेट कराये और वारंटियों की धरपकड़ के लिये 02 दिन का अभियान चलाया गया। ज्ञात हो कि एसपी मीणा एवं एएसपी संजय महादेवा के निर्देशन पर माह अक्टूबर 2022 में चलाये गये विशेष अभियान में 70 स्थायी वारंट तामिल कर न्यायालय पेश किये गये थे।

रायगढ़ एडिशनल एसपी महादेवा ने ली डॉयल 112 स्टॉफ की बैठक

❐ बैठक में कर्मचारियों को रिस्पॉन्स टाइम पर मौके में पहुंचने के साथ डॉयल 112 सेवा को और प्रभावी बनाने के दिए निर्देश

रायगढ़। दिनांक 05.12.2022 को पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ में एडिशनल एसपी संजय महादेवा द्वारा डॉयल 112 योजनांतर्गत जिला रायगढ़ तथा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के थाना सारंगढ़, बरमकेला, सरिया, डोंगरीपाली कोसीर में संचालित समस्त 20 ईआरव्ही के पुलिस कर्मचारी एवं एबीपी चालक, एबीपी मैनेजर, टीपीएल समन्वयक तथा डीपीआर एवं डीपीसीआर स्टाफ की संयुक्त बैठक लिया गया।

मीटिंग में एडिशनल एसपी संजय महादेवा द्वारा डॉयल 112 द्वारा चलाये जा रहे ERV वाहनों की सेवा को और प्रभावी किये जाने के संबंध में कर्मचारियों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में कर्मचारियों को रिस्पॉन्स टाइम में मौके पर पहुंचने और पूरे सेवाभाव के साथ पीड़ित की मदद करने के निर्देश दिये और अपने कार्य की विस्तृत जानकारी घटनास्थल के फोटो, वीडियो विवरण सहित एटीआर प्रोफार्मा में भरकर अपलोड करने कहा गया। कर्मचारियो को डॉयल 112 के इंवेट के अलावा अन्य किसी कार्य में वाहन का उपयोग नहीं करने कहा गया तथा उन्हें स्टॉपेज प्वाइंट पर ही ड्यूटी बदली करने और रात्रि पाली स्टाफ को संबंधित थाना, चौकी में रात्रि गश्त करने के निर्देश दिये। बैठक में एएसपी संजय महादेवा ने प्रभारी डॉयल 112 को अच्छे कार्य करने वालों की जानकारी सेन्ट्रलाइजड कमांड एंड कन्ट्रोल सेंटर (C-4) को भेजते हुए पुलिस कार्यालय प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा गया जिससे कर्मचारियों को उचित ईनाम दिया जा सकें।

इसी क्रम में माह नवंबर 2022 में अच्छे कार्य करने वाले धरमजयगढ़ राइनो में कार्यरत आरक्षक एलियाजर टोप्पो एवम चालक अमित भगत तथा पुसौर राइनो में तैनात आरक्षक नवधा प्रसाद भैना एवम चालक सतीश चंद्रा को एडिशनल एसपी एवं जिला नोडल अधिकारी डायल 112 संजय महादेवा द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर उनके कार्य की प्रशंसा कर उपस्थित कर्मचारियों को भी अच्छे कार्य करने प्रेरित किये।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा, डॉयल 112 में कार्यरत पुलिस कर्मचारी, डॉयल 112 में कार्यरत एबीपी चालक, एबीपी मैनेजर राजीव सिंह, श्याम रतन गुप्ता, टीपीएल समन्वयक दुर्गेश टंडन, डीपीआर स्टाफ तथा डॉयल 112 प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार श्याम उपस्थित थे।

मामूली बात पर नाती ने की वृद्ध से की मारपीट, हुई मौत

❐ वृद्ध की मौत पर युवक पर हत्या का अपराध दर्ज

रायगढ़। दिनांक 04.12.2022 को थाना लैलूंगा में ग्राम नवीन कुंजारा में रहने वाला कांशीराम चौहान (उम्र 60 साल) रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम करवाजोर में रहने वाले उसके मामा राम चौहान (उम्र करीब 72 साल) का कोई संतान नहीं होने से करीब 12-13 वर्ष से अपने यहां रखा था। मामा राम चौहान घर के गाय बैल को चराया करता था। दिनांक 02/12/2022 को रिस्तेदारी के क्रियाक्रम में सम्मिलित होने के लिए अपनी पत्नी, बेटी के साथ पास के गांव बांसडांड़ गये थे। दूसरे दिन दिनांक 03/12/2022 को दोपहर में फोन करके लड़का रत्थु चौहान बताया कि मामा राम चौहान को मारपीट किया है। तब ग्राम बांसडांड़ से अकेले घर आकर देखा मामा राम चौहान के शरीर चेहरा, हाथ, पैर में चोंट खरोंच का निशान था जिन्हें पूछने पर बताया कि घर में बांधे हुए गाय बैल को चराने के लिए नहीं ले गया तो नाती रत्थु चौहान मारपीट किया है। शाम रात्रि होने से मामा को ईलाज कराने नहीं गये। दूसरे दिन दिनांक 04/12/2022 को सुबह मामा राम चौहान का मौत हो गया। रिपोर्टकर्ता कांशीराम चौहान के रिपोर्ट पर आरोपी रत्थु चौहान के विरूद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी रत्थु चौहान अपराध दर्ज होने की जानकारी पर गांव से फरार है, लैलूंगा पुलिस आरोपी की सरगर्मी से पतासाजी कर रही है।

प्राथमिक शाला के बच्चों को बताया गया गुड टच और बैड टच में अंतर

❐ राजीव नगर प्राथमिक शाला के बच्चों को रक्षा टीम प्रभारी ने दी बाल अपराधों और अधिकारों की जानकारी

रायगढ़। ''हमर बेटी हमर मान'' अभियान के तहत पुलिस महिला रक्षा टीम का विभिन्न स्कूलों में पहुंचकर जागरूकता अभियान अनवरत जारी है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के निर्देश पर महिलाओं और विशेषकर स्कूली छोटे बच्चों को महिला रक्षा टीम द्वारा जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में आज महिला रक्षा टीम शासकीय प्राथमिक शाला राजीव नगर पहुंची। रक्षा टीम प्रभारी ने बच्चों को अच्छे और बुरे स्पर्श (गुड टच बैड टच) को डेमो देकर बड़े विस्तार से बताया गया और ऐसी घटनाओं पर वहां से तत्काल दूर जाने और किसी को सहायता के लिए बुलाने शोर मचाने के लिए कहा गया और बच्चों में आत्मविश्वास जागृत करने ऐसी घटना दौरान स्वयं प्रतिरोध कर अपनी सुरक्षा करने कहा गया। रक्षा टीम प्रभारी बच्चों को बाल अधिकार, पोषण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा का अधिकार, बाल श्रम के विरुद्ध, अन्याय एवं शोषण के विरुद्ध अधिकार सहित उनके मौलिक अधिकार आदि के बारे में जानकारी दी और उन्हें ह्यूमन ट्रैफिकिंग के बारे में बताया गया और किसी के लालच में परिजनों को बिना बताये कहीं भी नहीं जाने की सलाह दी। बच्चों को बताया गया कि बिमारी या किसी समस्या के लिये झाड-फूंक पर विश्वास ना करें, अंध विश्वास को बढावा ना दें। मोबाइल का प्रयोग करते समय सावधानी बरतें किसी अंजान व्यक्ति को पारिवारिक जानकारी फोटो, विडियो शेयर ना करें और मोबाइल गेम्स से दूरी बनाकर पढाई में ध्यान देवें। कार्यक्रम में बच्चों को हेल्प लाइन नंबर डॉयल 112 तथा अभिव्यक्ति ऐप के बारे में भी बताया गया और घर के मोबाइल पर इसे इन्स्टाल करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में महिला रक्षा टीम प्रभारी सहायक उप निरीक्षक मंजु मिश्रा के साथ उनके स्टाफ तथा स्कूल के बच्चे एवं शिक्षकगण तथा स्कूल का स्टाफ मौजूद था।

एनएसएस और एनसीसी कैडेट्स ने शहर में यातायात बैनर व पोस्टर के साथ निकाली यातायात जागरूकता रैली

❐ शहरवासियों और वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के प्रति किए जागरूक

❐ कैडेट्स यातायात नियमों का पालन करने की लिए शपथ, ट्रैफिक जवानों से सीखे यातायात संकेत

रायगढ़। दिनांक 05.12.2022 को एनएसएस और एनसीसी कैडेट्स द्वारा संयुक्त रूप से शहर में यातायात जागरूकता रैली निकाल कर शहरवासियों को यातायात जागरूकता वाले बैनर, पोस्टर, स्लोगन और पर्चे वितरण कर सड़क दुर्घटना से बचाव के नियमों का पालन करने प्रेरित किया गया। आज सुबह यातायात थाने के सामने कैडेट यातायात नियमों का पालन करने की शपथ लेकर यातायात पुलिसकर्मियों के साथ शहर में रैली निकाले जो गौशाला, हंडी चौक, सुभाष चौक, गांधी प्रतिमा के बाद एसपी आफिस पहुंचा। उसके बाद कैडेट्स शहर के अलग-अलग यातायात पाइंट पर पहुंचे, जहां यातायात पुलिसकर्मी के साथ राहगीरों को सदैव सड़क के बाई ओर चलने एवं दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, तेज गति से वाहन ना चलाने और वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करने की समझाइश दिए। यातायात पॉइंट पर कैडेट्स को यातायात पुलिसकर्मियों द्वारा सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण नियमों को बताया गया और संकेतों के बारे में जानकारी देकर उनसे अभ्यास कराया गया। यातायात डीएसपी दीपक मिश्रा बताये कि प्रशिक्षित एवं अनुशासित कैडेट्स को त्यौहार एवं विशेष कार्यक्रम के समय शहर में यातायात जवानों के साथ वॉलिंटियर के रूप में लिया जावेगा, पहले भी ऐसे अवसर पर कैडेट्स अपनी सहभागिता दर्ज कराएं हैं। यातायात जागरूकता रैली में कैडेट्स के बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिये उनकी प्रशंसा किये।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480